झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा

(2023- 2024)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

Model Question Paper

कक्षा-12	विषय- ACT	समय- 3 घंटा	पूर्णांक-80

सामान्य निर्देश:-

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।**
  Candidates should answer in their own words as much as possible.
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
  All questions are compulsory.
- **कुल प्रश्नों की संख्या 52 है।**
  Total number of questions is **52.**
- **प्रश्न 1 से 30 तक बहुविकल्पिय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है।**
  Question No. **01** to **30** are multiple choice questions, each question has four options. Select the correct option. Each question carries **01** mark.
- **प्रश्न संख्या 31 से 38 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 2 अंक निर्धारित है।**
  Question numbers **31** to **38** are very short answer questions. Out of which it is mandatory to answer any **6** questions. Each question carries **02** marks.
- **प्रश्न संख्या 39 से 46 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 3 अंक निर्धारित है।**
  Question numbers **39** to **46** are short answer questions. Out of which it is mandatory to answer any **6** questions. Each question carries **03** marks.
- **प्रश्न संख्या 47 से 52 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 5 अंक निर्धारित है।**
  Question numbers **47** to **52** are long answer questions. It is mandatory to answer any **4** questions. Each question carries **05**marks.

---

1. साझेदार का फर्म से सम्बन्ध होता है (The relation of a partner with the firm is) :

A. प्रबन्धक का (As a Manager)

B. सेवक का (As a Servant)

C. अभिकर्ता का (As an Agent)

D. एकाधिकारी का (As a Monopolist)

2. पूँजी पर ब्याज को सामान्यतया मानना चाहिए

(Interest on Capital should generally be regarded as) :

A. लाभ का विनियोजन (An appropriation of profit)

B. एक सम्पत्ति (An asset)

C. एक व्यय (An expense)

D. एक दायित्व (A liability)

3. पिछले चार वर्षों के लाभ ₹ 8,000, ₹ 12,000, ₹ 10,000, ₹ 10,000 हैं। 2 वर्षों के औसत लाभ के आधार पर ख्याति का मूल्य होगा-

Profit of last four years were ₹ 8,000, ₹ 12,000, ₹ 10,000, ₹ 10,000. The value of goodwill at 2 years purchase of average profit will be:

A. ₹ 21,000

B. ₹ 18,000

C. ₹ 20,000

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

4. X और Y 2: 3 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। भविष्य में उन्होंने समान अनुपात में लाभ बाँटना तय किया है। कौन साझेदार किस अनुपात में त्याग करेगा –

(X and Y share profits in the ratio of 2: 3. In future they decide to share profits in equal ratio. Which partner will sacrifice in which ratio?)

A. X द्वारा त्याग 1/10 (X sacrifice 1/10)

B. Y द्वारा त्याग 1/5 (Y sacrifice 1/5)

C. Y द्वारा त्याग 1/10 (Y sacrifice 1/10)

D. X द्वारा त्याग 1/5 (X sacrifice 1/5)

5.साझेदारी फर्म के पुनर्गठन पर अलिखित सम्पत्ति का लेखा करने पर होगा -

(Recording of an unrecorded asset on the reconstitution of a partnership firm will be):

A. वर्तमान साझेदारों को लाभ (A gain to the existing partners)

B. वर्तमान साझेदारों को हानि (A loss to the existing partners)

C. वर्तमान साझेदारों को न लाभ न हानि (Neither gain nor loss to the existing partners)

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं (None of these)

6.त्याग अनुपात है-

(Sacrifice Ratio is) :

A. नया अनुपात (New Ratio) – पुराना अनुपात (Old Ratio)

B. पुराना अनुपात (Old Ratio) – नया अनुपात (New Ratio)

C. प्राप्ति अनुपात (Gaining Ratio) – पुराना अनुपात (Old Ratio)

D. पुराना अनुपात (Old Ratio) – प्राप्ति अनुपात (Gaining Ratio)

7.एक नया साझेदार फर्म में शामिल किया जा सकता है-

A new partner may be admitted to a firm:

A. पुराने साझेदारों की सहमति से (With the consent of old partner)

B. किसी एक साझेदार की सहमति से (With the consent of any one partner)

C. पुराने साझेदारों की सहमति के बिना (Without consent of old partner)

D. पुराने साझेदारों के बहुमत से (With the consent of majority)

8. **नये साझेदार के प्रवेश के समय, पुराने आर्थिक चिट्ठा में प्रदर्शित सामान्य संचय को हस्तान्तरित किया जाता है-**

At the time of admission of a new partner, general reserve given in the old balance sheet is transferred to:

A. सभी साझेदारों के पूँजी खाते में (All partner's capital accounts)

B. नये साझेदार के पूँजी खाते में (New partner's capital account)

C. पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में (Old partner's capital accounts)

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं (None of these)

9.एक नये साझेदार के प्रवेश के कारण-

Due to admission of a new partner:

A. साझेदारी फर्म का पुनर्गठन होता है (A Partnership firm is reconstituted)

B. साझेदारी का पुनर्गठन होता है (Partnership is reconstituted)

C. फर्म का विघटन होता है (Dissolution of Firm)

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं (None of these)

10.अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को ख्याति दी जाती है-

Goodwill is paid out to the retiring partner in:

A. पुराने लाभ-हानि अनुपात में (Old profit sharing ratio)

B. पूँजी के अनुपात में (Capital ratio)

C. बराबर-बराबर (Equally ratio)

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

11.सम्पत्तियों और दायित्वों को उनके पुनर्मूल्यांकित मूल्य पर दिखाया जाता है-

Assets and liabilities is shown at their revalued value in:

A. नए आर्थिक चिट्ठा में (New balance sheet)

B. पुनर्मूल्यांकन खाता में (Revaluation account)

C. सभी साझेदारों के पूँजी खातों में (All partners' capital accounts)

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं (None of these)

12.X, Y और Z 1/4, 2/5 और 7/20 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार हैं। Z फर्म से अवकाश ग्रहण करता है । नया लाभविभाजन अनुपात होगा-

X, Y and Z are partners sharing profits in the ratio of 1/4, 2/5 and 7/20. Z retires from the firm. New profit-sharing ratio will be:

A. 5:8

B. 8:5

C. 1:4

D. 2:1

13. **किसी साझेदार की मृत्यु होने पर मृतक साझेदार के पूँजी खाता को जमा किया जाएगा - (On death of a partner the deceased partner's capital account will be credited with):**

A. उसकी/उसके ख्याति के हिस्से से (Her/ his share of goodwill)

B. फर्म की ख्याति से (Goodwill of the firm)

C. शेष साझेदारों के ख्याति के हिस्से से (Share of goodwill of remaining partners)

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

14.प्रीमियम पर निर्गमन से आशय है- (The purpose of issue on premium is) :

A. अंशों को अंकित मूल्य से कम मूल्य पर निर्गमन करना (The issue of shares at value less than the face value)

B. अंशों को अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर निर्गमन करना (The issue value is higher than the face value of share

C. अंशों को अंकित मूल्य पर निर्गमन करना (The issue of shares at face value)

D. उपर्युक्त सभी (All of these)

15.दायित्वों की कुल राशि में सम्मिलित की जाती है- (Total amount of liabilities include)

A. प्रार्थित पूँजी (Subscribed capital)

B. निर्गमित पूँजी (Issued capital)

C. चुकता पूँजी (Paid-up capital)

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

16.जब्त अंश खाता का शेष उनके पुनः जारी होने के बाद हस्तान्तरित कर दिए जाते हैं (Balance of Forfeited Shares Account reissued is transferred to:)

A. सुरक्षित कोष में (Reserve Fund)

B. संचित पूँजी में (Capital Reserve)

C. सामान्य संचति में (General Reserve)

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

17.अंश जब्ती खाता के शेष को आर्थिक चिट्ठा के मद के अन्तर्गत दिखाया जाता है (Balance of share forfeiture account is shown in the balance sheet under the item):

A. चालू दायित्व और प्रावधान (Current Liabilities and Provisions)

B. संचय और आधिक्य (Reserve and Surplus)

C. अंश पूँजी खाता (Share Capital Account)

D. असुरक्षित ऋण (Unsecured Loans)

18.कम्पनी के लिए अधिमूल्य पर ऋणपत्र का निर्गमन है (For the company premium on issue of debenture is a):

A. पूँजीगत प्राप्ति (Capital Gain)

B. लाभ (Profit)

C. सम्पत्ति (Assets)

D. दायित्व (Liabilities)

19.ऋणपत्र, जो कि मात्र सुपुर्द कर देने पर हस्तान्तरित हो जाते हैं, कहे जाते हैं (Debentures, which are transferable by only delivery are):

A. पंजीकृत ऋणपत्र (Registered Debentures)

B. प्रथम ऋणपत्र (First Debentures)

C. वाहक ऋणपत्र (Bearer Debentures)

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

20.खुले बाजार से क्रय किये गये ऋणपत्रों को यदि तुरन्त रद्द नहीं किया जाता है तो यह है (If debentures purchased in open market are not immediately cancelled, these are) :

A. चालू सम्पत्ति (Current Assets)
B. चालू दायित्व (Current Liabilities)
C. विनियोग (Investment)
D. स्थिर सम्पत्ति (Fixed Assets)

21.'अपना ऋणपत्र' कम्पनी के वे ऋणपत्र हैं जिसे ("Own Debentures" are those debentures of the company which):

A. कम्पनी अपने प्रवर्तकों को आवण्टित करती है (The company allots to its own Promoters)
B. कम्पनी अपने संचालकों को आवण्टित करती है (The company allots to its Directors)
C. कम्पनी बाजार से खरीदती है और विनियोग के रूप में रखती है (The company purchases from the market and keeps them as investment)
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं (None of the above)

22.एकस्वाधिकार उदाहरण है (Patent right is the example of):

A. काल्पनिक सम्पत्ति (Fictitious Asset)
B. अदृश्य सम्पत्ति (Intangible Asset)
C. चालू सम्पत्ति (Current Asset)
D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

23.वित्तीय विवरण लेखांकन प्रक्रिया के ..... है (Financial Statements are the ..... of accounting process).

A. प्रथम उत्पाद (First product)
B. द्वितीय उत्पाद (Second Product)
C. अन्तिम उत्पाद (End product)
D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

24.वित्तीय विवरण में समाहित होती है (Financial Statements Contain):

A. मौद्रिक सूचना (Monetary Information)
B. गुणात्मक सूचना (Qualitative Information)
C. अमौद्रिक सूचना (Non-monetary Information)
D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

25.कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट को निर्गमित किया जाता है (An Annual Report is issued by a company to its):

A. संचालकों के लिए (Directors)
B. अंकेक्षकों के लिए (Auditors)
C. अंशधारकों के लिए (Shareholders)
D. प्रबन्ध के लिए (Management)

26.वित्तीय विवरणों की तुलना व्यवसाय की..... की प्रवृत्ति को इंगित करती है। (Comparison of financial statements indicates the trend of the.....of the business.)

A. लाभदायकता (Profitability)

B. निष्पादन (Performance)

C. वित्तीय स्थिति (Financial Position)

D. ये सभी (All of these)

27.....अनुपात मुख्य रूप से प्रत्याय की गणना करते हैं-

The.....ratios are primarily measures of return:

A. द्रवता (तरलता) (Liquidity)

B. क्रियाशीलता (Activity)

C. ऋण (Debt)

D. लाभप्रदता (Profitability)

28.द्रवता के दो आधारभूत माप हैं-

The two basic measures of liquidity are:

A. इन्वेण्टरी आवर्त और चालू अनुपात (Inventory turnover and current ratio)

B. चालू अनुपात और द्रवता अनुपात (Current ratio and liquid ratio)

C. सकल लाभ सीमान्त और प्रचालन अनुपात (Gross profit margin and operating ratio)

D. चालू अनुपात और औसत संग्रहण अवधि (Current ratio and average collection period)

29.रोकड़ प्रवाह विवरण आधारित है (Cash Flow Statement is based upon) :

A. लेखांकन के रोकड़ के आधार पर (Cash basis of accounting)

B. लेखांकन के उपार्जन के आधार पर (Accrual basis of accounting)

C. इनमें से किसी आधार पर नहीं (none of these)

D. दोनो (both)

30.फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को हस्तान्तरित किया जाता है (On dissolution of a firm, Bank overdraft is transferred to) :

A. रोकड खाते में (Cash Account)

B. बैंक खाते में (in bank account)

C. वसूली खाते में (Realisation Account)

D. इनमें से कोई नहीं (None of these)

अति लघुउतरीय प्रश्न (Very Short Answer Type Questions) **6X2=12**

31.ऐसी दो दशाएँ बताइए जिससे साझेदारों के पूँजी खाते में परिवर्तन हो सकता है।

Give two circumstances in which fixed capital of partners may change.

32.लाभ प्राप्ति अनुपात क्या है?

What is Gaining Ratio?

33.नए साझेदार के प्रवेश का एक कारण लिखो।

Give one reason to admit a new partner.

34.क्या मृत साझेदार के प्रतिनिधि फर्म के बाद वाले लाभ में हिस्सा माँग सकते हैं?

Can the representatives of a deceased partner claim share in the subsequent profits of the firm?

35.एक सार्वजनिक कम्पनी में सदस्यों को निम्नतम संख्या क्या है ?

What is the minimum number of members in a public company?

36.समपार्श्विक सहायक प्रतिभूति क्या है?

What is collateral security?

37.AS-3 के अनुसार रोकड़ प्रवाह का अर्थ बताइए ।

Explain the meaning of Cash Flow according to AS-3.

38.वित्तीय विवरण क्या होते हैं?

What are the financial statements?

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions):- **6X3=18**

39.रोकड़-प्रवाह विवरण क्यों तैयार किया जाता है?

Why Cash-flow Statement is prepared?

40.निम्नलिखित विवरणों से सकल लाभ की रकम को निर्धारित कीजिए–

Determine the amount of Gross Profit from the following details:

औसत इन्वेण्टरी (Average Inventory)	₹ 50,000
इन्वेण्टरी आवर्त अनुपात (Inventory Turnover Ratio)	5 times
परिचालन से आय मूल्य (Revenue from Operations Price)	25% above cost

41.वित्तीय विवरण विश्लेषण के उद्देश्यों की विवेचना कीजिये।

Discuss the purposes of Financial Statement Analysis.

42.एम.लि. ने खुले बाजार से अपने 2,000, 10% ऋणपत्रों को ₹ 100 प्रति वाले तुरन्त निरस्त करने के लिये क्रय किये। जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

M. Ltd. purchased from the open market its own 2,000, 10% debentures of 100 each for immediate cancellation. Pass journal entries

43. A ने B. लि. से ₹ 2,65,000 की मशीन क्रय की । ₹ 1,00,000 नकद में भुगतान किया गया एवं शेष के लिए A लि. ने ₹ 10 वाले पूर्णदत अंशों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया। A लि. की पुस्तकों में इन लेन-देनों के लिए जर्नल को प्रविष्टियां कीजिए।

A Ltd. purchased machinery for ₹ 2,65,000 from B Ltd. A sum of ₹ 1,00,000 was paid in cash and for the balance due A Ltd. issued shares of ₹ 10 each fully paid at a premium of 10%.

44.वसूली खाता क्या है?

(What is Realisation Account?)

45.A B तथा C बिना साझेदारी संलेख के साझेदार हैं । A अवकाश ग्रहण करता है। शेष साझेदारों के मध्य भावी अनुपात ज्ञात करें, यदि A के हिस्से को B तथा C समान अनुपात में बाँटते हैं। उनका प्राप्ति अनुपात भी ज्ञात करें।

A, B and C are partners without any partnership deed. A retires, calculate future ratio of continuing partners if they agree to acquire A's share equally. Also mention their gaining ratio.

46.चालू अनुपात 2.5 है; कार्यशील पूंजी ₹45000 है। चालू संपत्तियां तथा चालू दायित्वों की राशियां ज्ञात कीजिए।

Current ratio is 2.5; Working capital is ₹45000. Calculate the amount of current assets and current liabilities.

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions):- **4X5=20**

47. A, B तथा C एक फर्म में साझेदार है । 1 अप्रैल, 2022 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹15,000, ₹10,000 तथा ₹ 5,000 थीं। संलेख के प्रावधान के अनुसार A को ₹ 1,000 प्रतिवर्ष पारिश्रमिक दिया जाएगा तथा पूँजी पर ब्याज की दर 6% वार्षिक होगी। लाभ-हानि विभाजन का अनुपात 2:2:1 होगा।

उपर्युक्त शर्तों पर ध्यान नहीं देकर वर्ष 2022-23 का शुद्ध लाभ ₹ 20,000 को तीनों साझेदारों में बराबर बाट दिया गया। अशुद्धि के सुधार हेतु समायोजन की प्रविष्टि ज्ञात करें।

A, B and C are partners in a firm. Their capital accounts stood at ₹ 15,000; ₹ 10,000 and ₹ 5,000 respectively on 1st April, 2022. As per provisions of the Deed, A was to be allowed a remuneration of ₹ 1,000 p.a. and interest on capital was to be provided @ 6% p.a. Profit were to be divided in the ratio 2:2:1. Ignoring the above terms net profit of ₹ 20,000 for the year ended 2022-23 was divided among the partners equally. Pass the adjustment entry to rectify the error.

48. X तथा Y साझेदार हैं जो लाभ विभाजन 4:1 में करते हैं। 31 दिसम्बर, 2022 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार था - X and Y are partners who share profits in the ratio of 4:1.Their balance sheet as on31st Dec. 2022 was as follow:

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Bills Payable	20,400	Land	42,000
Creditors	40,000	Furniture	20,000
P&L A/C	2,000	Investment	50,000
Capital A/C		Debtors	40,000
X 60,000		Cash	10,400
Y 40,000	1,00,000		
	1,62,400		1,62,400

1 जनवरी, 2023 को उन्होंने Z को निम्नलिखित शर्तों पर शामिल किया-

(i) उनका नया लाभ - विभाजन अनुपात 2:3:5 होगा।

(ii) फर्नीचर का मूल्यांकन ₹ 24,000 तथा विनियोग का मूल्यांकन ₹ 44,000 किया गया।

(iii) देनदारों पर संदिग्ध ऋण संचिति के लिए 5% प्रावधान करना है।

(iv) Z द्वारा पूँजी के रूप में ₹ 25,000 तथा ख्याति के लिए ₹ 15,000 नकद लाया गया।

आपको पुनर्मूल्यांकन खाता और साझेदारों का पूँजी खाता बनाना है।

On 1st January, 2023 they admit Z on the following terms:

(i) Their new profit-sharing ratio will be 2:3:5.

(ii) Furniture was valued at ₹ 24,000 and Investment ₹ 44,000.

(iii) Provision for doubtful debts is to be maintained at 5% on debtors.

(iv) ₹ 25,000 in cash brought by Z as his share of capital and ₹ 15,000 as his share of premium. You are required to prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.

49.A तथा B एक फर्म में 3:1 के अनुपात में साझेदार है। 31 मार्च, 2022 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है-

A and B are partners in a firm sharing profit & losses in 3:1. Their Balance sheet as on 31 March 2022 is as below:

Liabilities	₹	Assets	₹
Creditors	45,000	Debtors	20,000
A's Loan	20,000	Sundry Assets	70,000
Capitals A/cs:			
A 10,000			
B 15,000	25,000		
	90,000		90,000

उन्होंने उक्त तिथि को फर्म के विघटन का निर्णय किया। देनदारों से ₹ 15,000 तथा विविध सम्पत्तियों से ₹ 60,000 वसूल हुए। वसूली खाता तैयार कीजिए।

They decided to dissolve their firm on that date. Debtors were realised for ₹ 15,000 and sundry assets fetch ₹ 60,000. Prepare Realisation Account.

50. ईशा लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 1,00,000 समता अंश ₹ 1 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए जो इस प्रकार देय थे: ₹ 2 प्रति अंश आवेदन पर, ₹ 4 आवंटन पर (प्रीमियम सहित) ₹ 5 प्रथम तथा अन्तिम याचना पर।

सभी अंशों को खरीदने के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा कम्पनी को 2,000 अंशों पर आबंटन तथा याचना को छोड़कर समस्त देय राशियाँ प्राप्त हो गई। इन अंशों का हरण कर लिया गया।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ एवं रोकड़ बही दिखाइए।

Isha Ltd. issued 1,00,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 1 per share, payable as follows:

On application ₹ 2; on allotment ₹ 4 (including premium) and on first and final call ₹ 5.

All the shares were subscribed for and the company received all the money due, with the exception of the allotment and call money on 2,000 shares. These shares were forfeited.

Show Journal entries and Cash Book in the books of the company.

51.निम्नलिखित सूचना से प्रचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

Compute Cash Flow from Operating Activities from following information:

कर एवं लाभांश के आयोजन के पश्चात् शुद्ध लाभ (Net Profit after Provision for Tax and Dividend)	25,000
कर के लिए आयोजन (Provision for Tax)	12,000
ह्रास (Depreciation)	5,000
संयंत्रकी बिक्री से हानि (Loss on Sale of Plant)	3,000
ख्याति अपलिखित की गई (Goodwill Written off)	10,000
आयकर की वापसी (Refund of Income-tax)	8,000

52.वित्तीय विवरण के विश्लेषण और निर्वचन के उद्देश्य क्या हैं?

What are the objects of analysis and interpretation of financial statements?

ANSWER KEY

CLASS-12TH

SUBJECT-ACT

Q.NO.	ANSWER	Q.NO.	ANSWER
1	C	**21**	C
2	A	**22**	B
3	C	**23**	C
4	B	**24**	A
5	A	**25**	C
6	B	**26**	D
7	A	**27**	D
8	C	**28**	B
9	B	**29**	A
10	A	**30**	C
11	A		
12	A		
13	A		
14	B		
15	C		
16	B		
17	C		
18	A		
19	C		
20	C		

JCERT